# अमेरिका ने एफ–16 पर पाक को फटकार लगाई

रिपोर्ट

## कश्मीर में एफ–16 इस्तेमाल को लेकर भी अमेरिका ने चिंता जताई थी

■एफ–16 विमान के दुरुपयोग को लेकर चिंता जताते हुए अमेरिका ने पाक को लिखी चिट्ठी

■पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय ने इस पर अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है



**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

वॉशिंगटन। अमेरिका ने साझा सुरक्षा प्लेटफॉर्म और ढांचों को खतरे में डालकर एफ–16 लड़ाकू विमानों के दुरुपयोग के लिए अगस्त में पाकिस्तान वायुसेना के प्रमुख को फटकार लगाई थी। मीडिया में यहां आई एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। यह रिपोर्ट ऐसे समय में आई है जब महीनों पहले भारतीय वायुसेना ने कश्मीर में हवाई युद्ध के दौरान पाकिस्तानी वायु सेना के एक एफ–16 विमान को मार गिराया था।

**एफ–16 विमान को लेकर अमेरिका ने जताई चिंता**

यूएस न्यूज ने बुधवार को बताया कि हथियार नियंत्रण और अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा मामलों की तत्कालीन अवर विदेश मंत्री एंड्रिया थॉम्पसन ने इस मामले को लेकर अगस्त में पाकिस्तान वायुसेना के प्रमुख एयर चीफ मार्शल मुजाहिद अनवर खान को पत्र लिखा था। खबर में एक सूत्र के हवाले से बताया गया है कि पत्र में 26 फरवरी के बालाकोट हवाई हमलों के फौरन बाद हुई घटनाओं का प्रत्यक्ष जिक्र नहीं है।

हालांकि, इसमें फरवरी में कश्मीर में एफ–16 विमान का इस्तेमाल करने को लेकर अमेरिका की चिंताओं को उठाया गया है।

**भारतीय पायलट अभिनंदन ने मार गिराया था एफ–16**

पाकिस्तान स्थित जैश–ए–मोहम्मद आतंकवादी समूह के एक आत्मघाती हमलावर ने 14 फरवरी को जम्मू–कश्मीर के पुलवामा जिले में 40 सीआरपीएफ जवानों को मार दिया था। भारत ने इसके बाद 26 फरवरी को बालाकोट में जेईएम के प्रशिक्षण शिविर पर हवाई हमला किया था। इसके अगले दिन पाकिस्तान ने जवाबी कार्रवाई में मिग–21 विमान को मार गिराया और उसके पायलट विंग कमांडर अभिनंदन वर्तमान को पकड़ लिया था, लेकिन उन्हें बाद में छोड़ दिया था।

भारतीय वायुसेना ने बताया था कि 27 फरवरी को हवाई युद्ध के दौरान उसके एक मिग–21 विमान ने पाकिस्तान के एफ–16 लड़ाकू विमान को मार गिराया था।

**अमेरिका ने पाक को लिखा पत्र, पाक विदेश मंत्रालय ने साधी चुप्पी**

थॉम्पसन ने अपने पत्र में लिखा, 'हमें आपने यह बताया कि ये विमान राष्ट्रीय रक्षा उद्देश्यों से उड़ाए गए थे। अमेरिकी सरकार विमानों को अमेरिकी सरकार के गैर अधिकृत अड्डों तक लाने को एफ–16 समझौते के तहत चिंताजनक और असंगत मानती है।' पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय और दूतावास ने इस पत्र पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया है।

## न्यूज डायरी



### कैलासा के बाद एक और नया देश बोगनविले

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** पापुआ न्यू गिनी। दक्षिण प्रशांत क्षेत्र में स्थित बोगनविले ने पापुआ न्यू गिनी से आजादी हासिल करने के समर्थन में जनमत किया। भारत में इस वक्त भगोड़े कथित धर्मगुरु नित्यानंद के कैलासा को लेकर चर्चा है और इस बीच विश्व मानचित्र पर जल्द एक नए देश का औपचारिक ऐलान हो सकता है। न्यू पापुआ गिनी से अलग नया देश बनने के लिए बुधवार को जनमत संग्रह के परिणाम की घोषणा की। बोगनविले जनमत संग्रह आयोग के अध्यक्ष बेरटी अहरेन नेजब इसकी घोषणा की तो लोग खुशी से झूम उठे। जनमत संग्रह में अलग देश के लिए 98 प्रतिशत (176,928) लोगों ने मतदान किया जबकि सिर्फ 2 प्रतिशत (3,043) नागरिक ही ऐसे थे जिन्होंने पापुआ न्यू गिनी के साथ रहने के समर्थन में मत दिया। जनमत संग्रह का परिणाम गैर बाध्यकारी है और बोगनविले तथा पापुआ न्यू गिनी के नेताओं के बीच के समझौते से आजादी का रास्ता बनेगा। इसके बाद पापुआ न्यू गिनी के सांसद इस पर फैसला करेंगे।

### न्यूजीलैंड के ज्वालामुखी विस्फोट स्थल से शवों को बाहर निकालने की तैयारी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉकोटेन। 12 दिसंबर (एपी) न्यूजीलैंड के अधिकारियों ने कहा कि वे लोकप्रिय पर्यटक स्थल द्वीप पर इस सप्ताह हुए ज्वालामुखी विस्फोट में मारे गए आठ लोगों के शव निकालने का काम शुक्रवार से शुरू करेंगे। ज्वालामुखी के सक्रिय होने के कारण धुएं के गुबार से ढके व्हाइट आइलैंड से आठ शव निकालने में देरी हो रही है। यहां सोमवार को उस समय ज्वालामुखी फट गया जब 47 पर्यटक यहां घूमने आए हुए थे। अधिकारियों ने आठ लोगों के मरने और कई अन्य के गंभीर रूप से घायल होने की पुष्टि की है। न्यूजीलैंड के चिकित्सा कर्मी घायलों का इलाज कर रहे हैं। व्हाइट आइलैंड न्यूजीलैंड के नॉर्थ द्वीप तट से करीब 50 किलोमीटर दूर स्थित है और यहां हर साल हजारों पर्यटक आते हैं। अधिकारियों ने बताया कि घटना के समय ऑस्ट्रेलिया के 24, अमेरिका के नौ, न्यूजीलैंड के पांच, जर्मनी के चार, ब्रिटेन के दो, चीन के दो और मलेशिया का एक पर्यटक द्वीप पर मौजूद था।

### संदिग्ध आतंकवादियों के हमले में 70 जवानों की मौत : नाइजर अधिकारी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नियामे। पश्चिमी नाइजर में संदिग्ध आतंकवादियों ने एक सैन्य चौकी पर हमला कर दिया जिसमें कम से कम 70 सैनिकों की मौत हो गई। राष्ट्रपति के एक सलाहकार ने यह जानकारी दी। इस पश्चिमी अफ्रीकी देश के हालिया इतिहास में सुरक्षा बलों पर यह सबसे भयानक हमला है। हिंसा की यह घटना फ्रांस में होने वाले एक सम्मेलन से महज कुछ दिन पहले हुई है। इस सम्मेलन में फ्रांस के राष्ट्रपति एमैनुएल मैक्रों के पश्चिमी अफ्रीकी नेताओं से साहेल क्षेत्र में फ्रांस की सेना की भूमिका पर चर्चा करने की संभावना है। राष्ट्रपति मोहम्मदू इसूफू के ट्विटर अकाउंट से बुधवार देर रात किए गए एक ट्वीट में बताया गया है कि वह नाइजर की माली के साथ लगती सीमा पर हुए इस हमले के बाद मिस्र की अपनी यात्रा को बीच में खत्म करके स्वदेश लौट रहे हैं। नाइजर की सेना ने अभी मृतकों की संख्या जारी नहीं की है लेकिन नाम न जाहिर करने की शर्त पर सलाहकार ने इस अस्थायी संख्या की पुष्टि की है।

### बोगनविले ने पापुआ न्यू गिनी से आजादी के लिए किया मतदान

कैनबरा। दक्षिण प्रशांत क्षेत्र में स्थित बोगनविले ने पापुआ न्यू गिनी से आजादी हासिल कर नया देश बनने के लिए बुधवार को जनमत संग्रह के परिणाम की घोषणा की। बोगनविले जनमत संग्रह आयोग के अध्यक्ष बेरटी अहरेन ने अर्धस्वायत्त प्रांत में एक सरकारी कार्यालय में जब इसकी घोषणा की तो लोग खुशी से झूम उठे।जनमत संग्रह का परिणाम गैर बाध्यकारी है और बोगनविले तथा पापुआ न्यू गिनी के नेताओं के बीच के समझौते से आजादी का मार्ग प्रशस्त होगा। इसके बाद पापुआ न्यू गिनी के सांसद इस पर फैसला करेंगे । दो सप्ताह तक चले मतदान में योग्य मतदाताओं में से

## फर्नीचर, वॉशिंग मशीन में छिपकर अमेरिका में घुस रहे थे चीनी, पकड़े गए

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। अवैध रूप से अमेरिका में घुसपैठ करने के लिए लोग अकसर मेक्सिको सीमा का सहारा लेते हैं। कई बार लोगों को ट्रांसपोर्ट के जरिए छुपकर सीमा पार करने की कोशिश करते हुए पकड़ा गया है। कुछ चीनी लोग भी मेक्सिको की सीमा पर गिरफ्तार किए गए हैं जो कि अवैध रूप से अमेरिका जाना चाहते थे। इन लोगों ने अमेरिका में प्रवेश करने के लिए अजीब तरीके अपनाए। कोई फर्नीचर के बीच छिपा हुआ था तो कोई वॉशिंग मशीन के अंदर बंद था। अमेरिका–मेक्सिको की सीमा से 11 चीनी माइग्रेंट्स को गिरफ्तार किया गया है। शनिवार को जब एक ट्रक मेक्सिको से अमेरिका जा रहा था तभी पट्रोल अधिकारियों ने उसमें लदे फर्नीचर और अन्य सामान में छिपे चीनियों को दबोच लिया। ट्रक का ड्राइवर एक अमेरिकी नागिरक था। अमेरिकी कस्टम ऐंड बॉर्डर प्रोटेक्शन ने कहा है कि 11 चीनियों को हिरासत में लेकर उनपर आपराधिक मामला चलाया जा रहा है।

बता दें कि अमेरिका और चीन के बीच चल रहे ट्रेड वॉर के चलते चीनियों को अमेरिका का वीजा लेने में भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा अमेरिका ने चीन के शिजियांग प्रांत में मुस्लिमों को कैद किए जाने को लेकर चीनी अधिकारियों पर भी वीजा को लेकर प्रतिबंध लगा दिए थे।



### पाकिस्तानः अस्पताल में वकीलों का तांडव, पांच की मौत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लाहौर। अस्पताल में तोड़फोड़ और हिंसा के मामले में पाकिस्तान के 250 वकीलों पर केस दर्ज किया गया है। डॉक्टरों से बदला लेने के लिए वकीलों ने लाहौर के पंजाब इंस्टिट्यूट ऑफ कार्डियॉलजी पर हमला कर दिया था और इस घटना में गंभीर रूप से घायल पांच मरीजों की बुधवार को मौत हो गई। वकीलों का कहना था कि उन्होंने दो हफ्ते पहले एक साथी वकील पर चिकित्सकों द्वारा किए गए हमले का बदला लेने के लिए ऐसा किया। वकीलों ने भाग रहे कुछ डॉक्टरों और पैरामेडिकल कर्मियों को पीटा और घटना कवर कर रहे पत्रकारों को भी उन्होंने नहीं बख्शा।

## ब्रिटेन में ब्रेक्जिट के मुद्दे के बीच मतदान शुरू, आज घोषित होंगे परिणाम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

लंदन। ब्रिटेन में ब्रेक्जिट के गतिरोध को दूर करने के लिए गुरुवार को आम चुनाव हुए। 'ब्रेक्जिट' यानी यूरोपियन संघ से अलग होने के मुद्दे पर 2016 में हुए जनमत संग्रह के बाद से देश की राजनीति शिथिल पड़ गई है। पांच साल से कम समय में तीसरी बार आम चुनाव हो रहे हैं। ब्रिटेन की संसद के निचले सदन हाउस ऑफ कॉमन्स के 650 सीटों के लिए इस साल 3,322 उम्मीदवार चुनाव में खड़े हुए हैं।

इंग्लैंड, वेल्स, स्कॉटलैंड और नॉर्दन आयरलैंड के सभी निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान केंद्र अंतरराष्ट्रीय




समयानुसार सुबह सात बजे शुरू हो गए।

अंतरराष्ट्रीय समयानुसार रात 10 बजे मतदान खत्म होने पर मतगणना शुरू होगी। अधिकतर नतीजे शुक्रवार सुबह तक घोषित हो जाएंगे। अगर हाउस ऑफ कॉमन्स में किसी पार्टी के आधे सांसद (326) चुनकर आते हैं तो वही पार्टी आमतौर पर सरकार बनाती है। अगर किसी भी पार्टी के पास बहुमत नहीं है तो वह एक या दो अन्य दलों के अधिकतर सांसदों का गठबंधन बनाकर सरकार बना सकती है।

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन अपनी पार्टी के 'ब्रेक्जिट पूरा हो' के संदेश पर ध्यान केंद्रित किए हुए हैं जबकि विपक्षी दल अंतिम ब्रेक्जिट समझौते पर फिर से जनमत संग्रह कराना चाहते हैं और वे घरेलू मुद्दों जैसे कि संकटग्रस्त सरकार पोषित राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा (एनएचएस) के मुद्दे पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। 31 अक्टूबर की अंतिम समयसीमा तक ब्रेक्जिट लागू करने में नाकाम रहने के बाद जॉनसन ने 12 दिसंबर को चुनाव कराने की घोषणा कर दी थी।

### अफगानिस्तान के तालिबान नियंत्रित जिले में भूस्खलन से छह लोगों की मौत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** काबुल। पूर्वोत्तर अफगानिस्तान में तालिबान नियंत्रित एक दूरस्थ जिले में भूस्खलन से कम से कम छह लोगों की मौत हो गई। सभी मृतक सोना–खनन करने वाले गरीब ग्रामीण थे। प्रांतीय काउंसिल के सदस्य अब्दुल्ला नाजी नजरी ने कहा कि भूस्खलन बुधवार को बदख्शां प्रांत के रघिस्तान जिले में हुआ। हिंदू कुश और पामीर पर्वत श्रृंखलाओं के बीच बसा हुआ और चीन की सीमा पर स्थित यह प्रांत देश के सबसे दूरदराज इलाकों में से एक है। सभी छह मृतक सोने के लिए खुदाई करने वाले दर्जनों ग्रामीणों में शामिल थे। सोने की खुदाई करना इन गरीब ग्रामीणों के लिए आम बात है। सोने से समृद्ध यह क्षेत्र वर्ष 2015 से तालिबान के नियंत्रण में है।

तालिबान अपनी आतंकवादी गतिविधियों के वित्तपोषण के लिए अवैध खानों का इस्तेमाल करता है ।नजरी ने कहा कि भूस्खलन के बाद कीचड़ और मलबे के नीचे दबकर 30 से अधिक ग्रामीण घायल हो गए और कई घंटों तक लापता रहे। अफगानिस्तान में जानलेवा भूस्खलन की घटनाएं होती रहती हैं।